वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 21 मई 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

चक्रवात की हानि से उभरने के लिये सरकारें करें मिलकर प्रयास : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुपर चक्रवात अंफन के कारण मृत हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि देते हुये उड़ीसा, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोतर राज्यों की राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार से माँग करती है कि इस चक्रवात में हुयी जान - माल की हानि एवं अधोसंरचना के पुनर्निर्माण हेतु मिलकर प्रयास करें।

अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री श्री सप्तऋषि सरकार ने कहा कि, “चक्रवात अंफन से नागरिकों का दैनिक जीवन प्रभावित हुआ है। इस प्राकृतिक आपदा से कई राज्यों में जनजीवन अस्त - व्यस्त हुआ है। हम आशा करते हैं कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से तूफान से प्रभावित राज्यों में व्यवस्था शीघ्र पटरी पर आएगी"।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "देश कोरोना वायरस की महामारी से पहले ही जूझ रहा है। ऐसे में बड़ी तीव्रता का सुपर चक्रवात आना, निश्चित ही हमारी मुसीबतों को बढ़ाने वाला है। इस कठिन समय में हम सभी को एकजुट होकर इन समस्याओं का दमन करना होगा। अंफन से प्रभावित राज्यों में पीड़ितों को मदद पहुंचाने के लिए सरकार यथासंभव कदम उठाए।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)